सूर्य कुमार रॉय
अध्यक्ष
S K Roy
Chairman

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

05.02.15

मेरे प्रिय सहयोगियो,

यह पत्र मैं निगम के आधारमूल स्थित और गतिशील शक्ति केंद्रों में से एक के प्रमुख को संबोधित कर रहा हूं।

हालाँकि केंद्रीय कार्यालय सभी नई पहलों का उद्‌गम स्थल है, फिर भी यह आपके परिश्रमी हाथ ही हैं जिनके द्‌वारा ये सभी पहलें मूर्तरूप लेती हैं। ग्राहक के लिए शाखा कार्यालय ही 'पूरे जीवन बीमा निगम' का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि आमतौर पर उसका संपर्क कदाचित ही निगम के उपर वाले सोपानो से होता है।

जैसाकि आपको अवगत होगा, हमें प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के उन पात्र खाताधारकों को 30,000/- रुपए की जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्होंने 15.08.2014 से 26.01.2015 की अवधि के दौरान पहली बार बैंक खाते खाले हैं।

चूंकि इस परियोजना का शुभारंभ माननीय प्रधान मंत्री द्‌वारा किया गया है, इसलिए इस परियोजना में राष्ट्रीय महत्व का भाव है। 12.30 करोड़ पीएमजेडीवाई रिकार्ड खाते खोलना, एक बड़ी उपलब्धि है, जब इसे इस तथ्य के साथ जोड़कर देखा जाए कि हमें ऊपर उल्लिखित जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने का महान कार्य सौंपा गया है।

इसलिए, मैं आपका आह्वान करता हूं और आपके माध्यम से अपने सभी सहयोगियों, स्टाफ और एजेंटों का आह्वान करता हूं कि इस राष्ट्रीय प्रयास में अपना महत्वपूर्ण योग्दान दें।

हम सभी को चाहिए कि हम उपरोक्त जीवन बीमा सुरक्षा के बारे में पीएमजेडीवाई के सदस्यों को जानकारी देकर सहायता प्रदान करें और पीएमजेडीवाई जीवन बीमा सुरक्षा के बारे में, प्रमुख स्थानों पर शाखा परिसर में सूचनात्मक पम्फलेट और पोस्टर भी प्रदर्शित करें। इसका डिजाइन शीघ्र ही हमारे पी एंड जीएस विभाग द्‌वारा मीडिया कक्ष में रखा जाएगा।

सूर्य कुमार रॉय
अध्यक्ष
S K Roy
Chairman

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हमें दावा फार्म भरने, सभी शर्तें स्पष्ट करने और सभी औपचारिकताओं की प्राप्ति के 48 घंटों के अंदर उन्हें संबंधित पी एंड जीएस इकाइयों के जरिए आगे निपटारन हेतु बैंक की संबंधित शाखाओं को भेजने में सहायता करने के लिए दावेदारों और नामितियों को सभी सहायता भी प्रदान करनी चाहिए।

हमारी वेबसाइट www.licindia.in में सारी सूचना प्रदान की गई है और दावा प्रक्रिया भी सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को सीआरएम विभाग द्वारा पहले ही परिचालित कर दी गई है। आपकी टीम द्वारा इसका अवलोकन कर ही लिया गया होगा।

मैं सभी शाखा कार्यालयों से अपेक्षा करता हूं कि वे सभी पीएमजेडीवाई लाभार्थियों को सहर्ष सेवा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

(एस.के. रॉय)

केन्द्रीय कार्यालय, ''योगक्षेम'', पश्चिम स्कंध, जीवन बीमा मार्ग, मुंबई – 400 021.
दूरभाष (कार्या) : 022-22027060, फैक्स : 022- 22028600, ई–मेल : chairman@licindia.com

Central Office, "Yogakshema", West Wing, Jeevan Bima Marg, Mumbai - 400 021.
Tel. (O) : 022-22027060, Fax : 022- 22028600, E-mail : chairman@licindia.com